दिनांक 15 जनवरी, 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में "राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव 2019 (National Youth Parliament 2019) के तहत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के नेतृत्व में मौखिक प्रदर्शन (Mockdrill) हुआ। एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. अशोक निराला ने 26 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की सहायता से प्रदर्शन की तैयारी की स्थान–स्थान पर सूचना पत्र लगाए और विद्यार्थियों को निर्देश दिए। साथ ही, पंजीकरण उम्र सत्यापन इत्यादि के लिए टीमों का चयन किया गया।

दिनांक 16 को पुनः महाविद्यालय परिसर में समस्त क्रियाशील 26 स्वयंसेवकों का संभाग तृतीय की एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सीमा मलिक के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा संसस्द स्क्रीनिंग प्रोग्राम के लिए उनके उत्तरदायित्व बताए और स्क्रीनिंग टीम के रूप में डॉ. रेणु माहेश्वरी और डॉ. बाँके बिहारी निश्चितकिए गए।

दिनांक 17 जनवरी, 2019 को प्रातः से ही राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

पंजीकरण, उम्र सय्ताओअन ओर लाजिस्टिक टीम अपने–अपने कार्यक्षेत्र में संलग्न थी। इस कार्यक्रम में 14 युवाओं के स्क्रीनिंग टेस्ट के उपरान्त पंजीकृत किए गए। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सामाजिक–आर्थिक सशक्तीकरण, महिला सशक्तिकरन, बेटी बचाओ, सुकन्य, समृद्धि, मुद्रा, रहन–सहन का स्तर उठाना, भ्रष्टाचार इत्यादि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें से 14 विद्यार्थियों को चयनित किया गया।